# *संचार मंत्रालय*

## मांग संख्या 11

### डाक विभाग

क. वसूलियों और राजस्व प्राप्तियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार हैः

*(करोड़ रुपए)*

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2000-2001 आयोजना | बजट 2000-2001 आयोजना-भिन्न | बजट 2000-2001 जोड़ | संशोधित 2000-2001 आयोजना | संशोधित 2000-2001 आयोजना-भिन्न | संशोधित 2000-2001 जोड़ | बजट 2001-2002 आयोजना | बजट 2001-2002 आयोजना-भिन्न | बजट 2001-2002 जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व | | 32.97 | 1961.50 | 1994.47 | 23.70 | 1552.65 | 1576.35 | 29.64 | 1432.54 | 1462.18 |
| *पूंजी* | | *87.03* | *-10.49* | *76.54* | *96.30* | *-11.49* | *84.81* | *105.36* | *-10.99* | *94.37* |
| **जोड़** | | **120.00** | **1951.01** | **2071.01** | **120.00** | **1541.16** | **1661.16** | **135.00** | **1421.55** | **1556.55** |
| **डाक सेवाएं** | | | | | | | | | | |
| ***राजस्व भाग*** | | | | | | | | | | |
| 1. सामान्य प्रशासन | 3201 | 0.33 | 299.50 | 299.83 | 0.33 | 297.50 | 297.83 | 0.22 | 310.00 | 310.22 |
| 2. डाक सेवा नेटवर्क | 3201 | 13.15 | 1536.75 | 1549.90 | 15.61 | 2582.23 | 2597.84 | 16.75 | 2772.27 | 2789.02 |
| 3. डाक की छंटाई | 3201 | ... | 440.00 | 440.00 | ... | 410.00 | 410.00 | ... | 430.00 | 430.00 |
| 4. डाक परिवहन | 3201 | ... | 396.60 | 396.60 | ... | 370.88 | 370.88 | ... | 390.00 | 390.00 |
| 5. एजेंसी सेवाएं | 3201 | 0.26 | 150.00 | 150.26 | 0.26 | 131.50 | 131.76 | 0.32 | 141.00 | 141.32 |
| 6. लेखे और लेखा परीक्षा | 3201 | ... | 103.25 | 103.25 | ... | 85.80 | 85.80 | ... | 90.00 | 90.00 |
| 7. इंजीनियरी | 3201 | 4.37 | 53.00 | 57.37 | 4.37 | 58.00 | 62.37 | 5.35 | 61.00 | 66.35 |
| 8. कर्मचारियों की सुविधाएं | 3201 | ... | 33.70 | 33.70 | ... | 34.20 | 34.20 | ... | 36.00 | 36.00 |
| 9. पेंशनें | 3201 | ... | 850.00 | 850.00 | ... | 815.00 | 815.00 | ... | 835.00 | 835.00 |
| 10. लेखन-सामग्री और मुद्रण | 3201 | ... | 68.00 | 68.00 | ... | 68.00 | 68.00 | ... | 71.00 | 71.00 |
| 11. अन्य | 3201 | 2.86 | 30.70 | 33.56 | 3.13 | 46.89 | 50.02 | 3.19 | 48.73 | 51.92 |
| **12. जोड़ राजस्व व्यय-डाक सेवाएं** | | **20.97** | **3961.50** | **3982.47** | **23.70** | **4900.00** | **4923.70** | **25.83** | **5185.00** | **5210.83** |
| 13. घटाइए - प्राप्तियां | 1201 | ... | -2000.00 | -2000.00 | ... | -3347.35 | -3347.35 | ... | -3752.46 | -3752.46 |
| *14. निवल* | | *20.97* | *1961.50* | *1982.47* | *23.70* | *1552.65* | *1576.35* | *25.83* | *1432.54* | *1458.37* |
| 15. पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के हितों के लिए परियोजनाओं/स्कीमों हेतु एकमुश्त प्रावधान | 2552 | 12.00 | ... | 12.00 | ... | ... | ... | 3.81 | ... | 3.81 |
| ***पूंजी भाग*** | | | | | | | | | | |
| 1. डाक संबंधी नेटवर्क | 5201 | 8.96 | 2.00 | 10.96 | 11.51 | 1.00 | 12.51 | 8.08 | 2.00 | 10.08 |
| 2. प्रशासनिक कार्यालय | 5201 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 1.72 | ... | 1.72 |
| 3. कर्मचारियों के लिए क्वार्टर | 5201 | 7.47 | ... | 7.47 | 9.52 | ... | 9.52 | 7.07 | ... | 7.07 |
| 4. यांत्रिकीकरण और आधुनिकीकरण | 5201 | 67.91 | ... | 67.91 | 72.67 | ... | 72.67 | 77.19 | ... | 77.19 |
| 5. आरएमएस वैन | 5201 | 0.09 | ... | 0.09 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 6. अन्य | 5201 | 0.60 | 0.01 | 0.61 | 0.60 | 0.01 | 0.61 | 0.85 | 0.01 | 0.86 |
| 7. सहकारी समितियों को ऋण | 4552 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 10.45 | ... | 10.45 |
| 8. घटाइए-प्राप्तियां और वसूलियां | 5201 | ... | -12.50 | -12.50 | ... | -12.50 | -12.50 | ... | -13.00 | -13.00 |
| पूंजी भाग (निवल) | | **87.03** | **-10.49** | **76.54** | **96.30** | **-11.49** | **84.81** | **105.36** | **-10.99** | **94.37** |
| ***कुल जोड़*** | | ***120.00*** | ***1951.01*** | ***2071.01*** | ***120.00*** | ***1541.16*** | ***1661.16*** | ***135.00*** | ***1421.55*** | ***1556.55*** |
| **ग. आयोजना परिव्यय** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
| डाक सेवाएं | 13201 | 120.00 | ... | 120.00 | 120.00 | ... | 120.00 | 135.00 | ... | 135.00 |

डाक विभाग, जो संचार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन है देश में डाक सेवाओं के आयोजन, विकास, विस्तार, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी है। यह सरकार के अन्य विभागों के लिए अल्प बचत योजनाओं, डाक जीवन बीमा योजना आदि के संबंध में कुछ अभिकरण कार्य भी करता है। विभिन्न कार्यक्रमों और क्रियाकलापों के क्रियान्वयन के लिए, विभाग के पास 5 डाक प्रशिक्षण केन्द्र और गाजियाबाद स्थित एक पोस्टल स्टाफ कालेज के अलावा 22 डाक परिमण्डलों का एक नेटवर्क हैं।

2. इस मांग में डाक सेवाओं के राजस्व और पूंजी व्यय के लिए व्यवस्था है। राजस्व भाग में कार्यचालन व्यय के लिए व्यवस्था है, जिसमें एजेंसी सेवाओं के संबंध में व्यय और लेखा परीक्षा तथा पेंशन प्रभारों से संबंधित व्यय भी शामिल है। सेवाओं के राजस्व भाग में होने वाला निवल घाटा (अर्थात् सकल व्यय में से डाक आय को घटाकर) सरकार के सामान्य राजस्व से पूरा किया जाता है। पूंजी भाग में मोटर डाक गाड़ियों/रेल डाक गाड़ियों की खरीद, काउन्टर सेवाओं के उन्नयन, मुद्रा अन्तरण की इलैक्ट्रानिक पद्धति लागू करने, डाक संसाधन प्रणालियों के यंत्रीकरण, डाक स्टोर डिपो के कम्प्यूटरीकरण आदि के माध्यम से डाकघरों के आधुनिकीकरण के अतिरिक्त चालू प्रचालन संबंधी इमारतों और कर्मचारी क्वार्टरों, कम्प्यूटरीकरण आदि के विस्तार कार्य को पूरा करने के लिए व्यय की व्यवस्था की गई है।

3. बजट अनुमान 2000-2001 में 2000.00 करोड़ रुपए और संशोधित अनुमान 2000-2001 में 3347.35 करोड़ रुपए की तुलना में बजट अनुमान 2001-2002 में 3527.86 करोड़ रुपए की प्राप्तियों का अनुमान लगाया गया है।

4. इस वर्ष के बजट में डाक सेवाओं के सामान्य विकास और विस्तार की व्यवस्था की गई है।

वर्ष 2001-2002 के आयोजना परिव्यय में परिकल्पित मुख्य वास्तविक लक्ष्य मोटे तौर पर इस प्रकार हैः-

(i) 500 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघरों का खोलना।
(ii) 50 विभागीय उप डाकघरों का खोलना।
(iii) 8000 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघरों के लिए आधारभूत ढांचे के उपकरण।
(iv) 2000 पंचायत संचार सेवा केंद्र खोलना।
(v) बचत कार्य के कम्पूटरीकरण हेतु स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क के लिए मशीनों सहित 1000 कंप्यूटर आधारित बहुउद्देश्यीय काउंटर मशीनों की स्थापना।
(vi) 400 विस्तारित उपग्रह मनीआर्डर केंद्रों की स्थापना।
(vii) 125 डाकघरों और 17 डाक कार्यालयों का आधुनिकीकरण।
(viii) 1 स्वचालित डाक संसाधन केंद्र की स्थापना।
(ix) 79 फिलेटिक ब्यूरोक्स का कंप्यूटरीकरण।
(x) 23 ग्राहक देखभाल केंद्रों का खोलना।
(xi) 48 प्रचालन कार्यालय भवन, 5 प्रशासनिक कार्यालय भवनों व 190 स्टाफ क्वार्टर भवनों का निर्माण।